कार्यालय जनपद न्यायाधीश, जनपद गाजियाबाद ।   दिनांक 24.02.2015

सार्वजनिक सूचना

जनपद न्यायालय, गाजियाबाद में समस्त तृतीय श्रेणी एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण के कुल 442 बायो–मैट्रिक कार्ड बनाये जाने हैं । इस सम्बन्ध में आवश्यक उपकरण न्यायालय परिसर में स्थापित करने एंव बायो–मैट्रिक कार्ड तैयार किये जाने हेतु सम्बन्धित फर्मो से दिनांक 21.03.2015 तक सील बन्द निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं ।

निविदा फार्म एंव निविदा सम्बन्धी शर्ते किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक जनपद न्यायालय, गाजियाबाद के नजारत कार्यालय से रूपये 100/– (एक सौ) जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं ।

निविदा फार्म के साथ जनपद न्यायाधीश, गाजियाबाद के पक्ष में देय रूपये 5,000/– (पॉच हजार) का बैंक डिमांड ड्राफ्ट/नकद दिनांक 21.03.2015 की अपराह्न 03.00 बजे तक जमा करना होगा । उक्त निविदाएं उसी दिन सायं 04.00 बजे क्रय समिति के समक्ष खोली जायेंगी ।

निर्धारित फार्म के अतिरिक्त अन्य प्रारूप पर प्रेषित निविदाएं स्वीकार्य नही होंगी ।

भवदीय

25/2/15

अध्यक्ष, नीलाम समिति/
अपर जिला जज, कोर्ट नं0 7,
गाजियाबाद ।